भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1311
जिसका उत्तर बृहस्पतिवार, 10 दिसम्बर, 2015 को दिया जाना है

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) द्वारा आपूर्ति में विलंब किया जाना

1311. श्री तपन कुमार सेन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) द्वारा विभिन्न विद्युत उत्पादन कम्पनियों को इलेक्ट्रिकल उपस्करों की आपूर्ति में कोई विलंब हुआ है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क) और (ख): भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) यूटीलिटी विद्युत उत्पादन कंपनियों की विभिन्न परियोजानाओं की आवश्यकता और उनके परियोजना स्थलों की तैयारी के अनुसार सामान्यतया अपने दायरे में आने वाले इलेक्ट्रिकल उपस्करों की आपूर्ति करता रहा है। तथापि, कुछ परियोजनाएं, जिनमें भारी पेचीदगियां और पारस्परिक निर्भरता शामिल होती हैं, उनकी कुछेक आपूर्तियों में विलंब हो सकता है और कभी-कभी विलंब परियोजना स्थलों के जरूरी मोर्चों पर तत्परता की कमी, समुचित भण्डारण का अभाव, परियोजना रुक जाने, संविदात्मक मुद्दों आदि की वजह से होता है।

******